भारत का लोक सेवा प्रसारक

आकाशवाणीः क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवारः 08.02.2026, समयः 1830

**मुख्य समाचार :—**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद पर भारत के दृढ़ रुख को दोहराते हुए कहा—इस मुदृदे पर कोई दोहरा मापदंड या समझौता नहीं होगा।
- परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का नौवां संस्करण कल आयोजित किया जाएगा।
- सामुदायिक रेडियो स्टेशन पंचशूल पल्स द्वारा आयोजित सोअर घाटी आरजे हंट का फाइनल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।
- शारदीय कांवड़ यात्रा को लेकर हरिद्वार पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुआलालंपुर में मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इस वार्ता में रक्षा और सुरक्षा संबंधों को बढ़ाने तथा आर्थिक और नवाचार साझेदारी को बढ़ावा देने पर ध्यान केन्द्रित किया गया। वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने कई समझौतों और दस्तावेजों का आदान—प्रदान किया। इनमें आपदा प्रबंधन, ऑडियोविजुअल सह—निर्माण, भ्रष्टाचार निवारण और रोकथाम, सेमीकंडक्टर विकास, स्वास्थ्य और औषधि, छात्रवृत्ति के संस्थान तथा एनपीसीआई इंटरनेशलन पेमेंट्स लिमिटेड और पेनेट ऑफ मलेशिया के बीच के समझौता ज्ञापन शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और मलेशिया के बीच समुद्री सुरक्षा, रक्षा और आतंकवाद से मुकाबले संबंधी सहयोग में विस्तार होगा।

**परीक्षा पे चर्चा 2026**

'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का नौवां संस्करण कल आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह 10 बजे से परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। यह पहली बार है कि परीक्षा पे चर्चा 2026 का आयोजन देश के विभिन्न हिस्सों को कवर करते हुए एक से अधिक स्थानों पर किया जा रहा है। दिल्ली के अलावा, तमिलनाडु के कोयंबटूर, छत्तीसगढ़ के रायपुर, गुजरात के देव मोगरा और असम के गुवाहाटी में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिससे देश के पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण और मध्य क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व हो सके।

इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यूट्यूब चैनल, दूरदर्शन और शिक्षा मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा। इसके अलावा, वेव्स ओटीटी, अमेज़न प्राइम वीडियो, जियो सिनेमा, ज़ी5, सोनी लिव सहित विभिन्न ओटीटी और ऑडियो प्लेटफॉर्म पर भी परीक्षा पे चर्चा का लाइव प्रसारण उपलब्ध रहेगा।

**पौड़ी**

पौड़ी में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में प्रभावी और नई पहल शुरू की गयी है। सड़क पर छोटे–बड़े गड्ढों को भरने के लिए अब इंस्टेंट पॉटहोल रिपेयर रेडीमिक्स का उपयोग किया जा रहा है। यह एक रेडी–टू–यूज़ कोल्ड मिक्स मटेरियल है, जिसे गर्म करने की जरूरत नहीं पड़ती और इससे गड्ढों की मरम्मत बेहद कम समय में हो जाती है। ख़ास बात यह है कि मरम्मत के तुरंत बाद ही यातायात सुचारु रूप से चालू हो जाता है। आरटीओ विमल पाण्डे ने बताया कि इंस्टेंट पॉटहोल रिपेयर जैसी तकनीक से कम समय में मरम्मत संभव हो रही है, यातायात बाधित नहीं होता और सड़क सुरक्षा भी बढ़ती है। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

केदारनाथ धाम

विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में भारी बर्फबारी के बीच पुलिस और भारत–तिब्बत सीमा पुलिस के जवान मंदिर की सुरक्षा में तैनात हैं। इन दिनों मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र बर्फ की सफेद चादर से ढका हुआ है। रुद्रप्रयाग जिले के पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कोंडे ने बताया कि अत्यधिक ठंड के बावजूद, पुलिस और आईटीबीपी के जवान पूरी मुस्तैदी और प्रतिबद्धता के साथ धाम की सुरक्षा में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत पौड़ी जिले के विकासखंड थलीसैंण में अफसर बिटिया कार्यक्रम और करियर परामर्श का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने छात्राओं से उनके भविष्य के लक्ष्य जाने और उन्हें प्रेरित करते हुए संघ लोक सेवा आयोग और प्रांतीय सिविल सेवा परीक्षाओं की प्रक्रिया को सरल शब्दों में समझाया।

**सामुदायिक रेडियो स्टेशन**

सामुदायिक रेडियो स्टेशन पंचशूल पल्स द्वारा आयोजित सोअर घाटी आरजे हंट का फाइनल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान उभरती हुई रेडियो जॉकी प्रतिभाओं की खोज, प्रोत्साहन एवं मंच प्रदान करने के लिए एक अनूठी प्रतिभा खोज का आयोजन हुआ। फाइनल राउंड में चयनित 11 प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता, आवाज के उतार–चढ़ाव, त्वरित अभिव्यक्ति एवं ऑन एयर प्रस्तुति कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। शैक्षणिक एवं मनोरंजन जगत से जुड़े प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल द्वारा विभिन्न रोचक चरणों में प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया, जिससे प्रतियोगिता अत्यंत रोमांचक एवं मनोरंजक रही।

**हरिद्वार**

शारदीय कांवड़ यात्रा को लेकर हरिद्वार पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। यह यात्रा महाशिवरात्रि 15 फरवरी तक चलेगी, जिसको लेकर सुरक्षा, यातायात और भीड़ प्रबंधन के व्यापक इंतज़ाम किए गए हैं। कांवड़ियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पैदल श्रद्धालुओं और वाहनों के लिए अलग–अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं, वहीं पार्किंग स्थलों से लेकर गंगा घाटों तक अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। कांवड़ मेले को प्रशासन ने 9 जोन और 19 सेक्टरों में बांटा है। एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि सभी विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक कर स्पष्ट गाइडलाइन जारी की गई।

**चम्पावत**

चम्पावत जिले में जिलास्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा बाल वैज्ञानिकों से समाज में वैज्ञानिक सोच बढ़ाने के लिए कार्य करने तथा वैज्ञानिक जागरूकता बढ़ाने व शिक्षकों  को अधिक से अधिक विद्यार्थियों को विज्ञान प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कराने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया ताकि बच्चों में नवाचारी सोच विकसित हो सके। इंस्पायर अवार्ड के जिला समन्वयक नवीन चंद्र पन्त ने बताया कि  कार्यक्रम में जिलेभर से आये बाल बैज्ञानिको में से 5 दर्जन से अधिक बाल वैज्ञानिकों का चयन किया गया।

**बागेश्वर**

आगामी वनाग्नि सत्र को ध्यान में रखते हुए बागेश्वर वन प्रभाग द्वारा एक दिवसीय जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में बागेश्वर अग्निशमन विभाग के एफएसओ ने 120 प्रतिभागियों को विभिन्न अग्निशमन उपकरणों की जानकारी दी और उनके सही उपयोग का तरीका बताया। उन्होंने आग लगने की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया और सामूहिक प्रयास के महत्व पर जोर दिया।

मौसम

मौसम विभाग ने कल तक हरिद्वार और उधम सिंह नगर जिलों में कहीं–कहीं घने कोहरे की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, आज राज्य में मौसम शुष्क बना रहेगा। वहीं अगले तीन दिनों के दौरान उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है। इसके साथ ही तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के भी आसार हैं।